महत्वपूर्ण एवं खास

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिन के माध्यम से गाँवों में सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान की हुई शुरूआत

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ.आर.निराला के मार्गदर्शन पर जिले में 15 दिन तक चलने वाली सघन कुष्ठ एवं टीबी अभियान का आगाज आज 01 दिसंबर को हो गया है। इस अभियान के अंतर्गत कुष्ठ एवं टीबी के संभावित मरीजों की जांच कर पॉजिटिव पाए गए लोगों को इलाज भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.निराला एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इजारदार ने स्वयं इस अभियान की कमान अपने हाथों में लेते हुए मैदानी स्तर के विभिन्न ग्रामों में स्वयं जाकर घर-घर भ्रमण करते हुए नजर आए। इस दौरान सीएमएचओ ने स्वयं कुष्ठ परीक्षण किया, साथ ही मितानिनों एवं मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों के बीच जाकर उन्हें इस कार्य को बेहतर तरीके से करने हेतु प्रेरित किया। तीनों ही ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी इस अभियान को पूरी संजीदगी के साथ मिशन मोड पर कार्य करते हुए दिखे। अभियान के पहले दिन ही कुष्ठ के 60 संभावित एवं 2 कन्फर्म केस जबकि टीबी के 47 संभावित मरीज मिले। सीएमएचओ डॉ.निराला ने जिले वासियों को इस अभियान में मितानिनों से अपना परीक्षण कराने व अभियान में सहयोग करने की अपील की।

जिले के विभिन्न गौठानों में पैरादान महाअभियान के अवसर पर बड़े पैमाने पर किसानों ने किया पैरादान

सारंगढ़-बिलाईगढ़। किसानों को पैरादान से जोडऩे के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में शासन की बहुआयामी गोधन न्याय योजना के तहत आज 01 दिसंबर को जिले के समस्त गौठानों में पैरादान महाअभियान किया गया। जिसके तहत किसानों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर गौठानों में पैरादान किया। सारंगढ़ के अमलडीहा ग्राम पंचायत और ग्राम पंचायत रापागुला के किसानों ने आज पैरादान महाअभियान के अवसर पर एक अलग ही मिसाल पेश की। उपस्थित समस्त किसानों ने पैरा को खेतों में न जलाकर गौठानों मे दान करने एवं साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने की शपथ ली। कुछ गांवों में राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष और सदस्यों के द्वारा बैलगाड़ी से पैरादान किया गया। इसके अलावा किसानों ने बड़ी संख्या में अपने ट्रैक्टरों के माध्यम से पैरादान लिया एवं समूह की महिलाओं ने गौठानों के आसपास जुड़े खेतों से पैदल ही लाकर पैरा गौठानों में एकत्रित किया। कुछ इस तरह जिले के किसानों ने अपनी सुविधा के अनुसार बड़ी संख्या में इस महाअभियान में सहभागिता की। जिले के समस्त गौठानों में सभी जनपद सीईओ के निर्देशन में, गांव के सरपंच, गौठान समिति के सदस्य, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, जनपद पंचायत के सदस्य एवं महिला समूह के सदस्यों की उपस्थिति में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में पैरादान कर इस महाअभियान को सफल बनाया। उल्लेखनीय है कि जिले में धान कटाई का दौर अब तेज हो गया है। ऐसे में कटाई के बाद बचने वाले पैरा को जलाने के बजाय गौठानों में दान करने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि किसानों द्वारा लगातार पैरादान की प्रक्रिया चल रही थी लेकिन इस अभियान को और अधिक गति देने के लिए पैरादान महाअभियान चलाया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर (आरएनएस)। पारागांव निसदा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर आरंग पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किए है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पवन चंद्राकर 34 वर्ष ग्राम बिरकोनी महासमुंद का रहने वाला था। वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम पारागांव निसदा मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पवन को टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल पवन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने बरमकेला में आयोजित 'गौठान म गोठ' और राजस्व शिविर का लिया जायजा

सारंगढ़-बिलाईगढ़। राज्य सरकार के निर्देशानुसार गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों की क्रियाशीलता बढ़ाने के लिए कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में जिले के विभिन्न गौठानों में 28 दिसंबर से 'गौठान म गोठ' व राजस्व शिविर का कार्यक्रम जारी है। इसके साथ ही पैरादान की मात्रा को और अधिक बढ़ाने के लिए आज संपूर्ण जिले में पैरादान महाअभियान जारी है। उक्त कार्यक्रमों के निरीक्षण हेतु कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने आज बरमकेला के राजस्व शिविर व गौठान गए। उन्होंने बरमकेला के ग्राम पंचायत भवनकोतरा स्थित राजस्व शिविर में जाकर ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्राम सचिव अनुपस्थित पाए गए, इस पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने उक्त सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिविर में आए ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि, भूमिहीन किसान योजना से संबंधित समस्याएं बताई, कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संबंधित विभाग प्रमुख को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने आज बरमकेला के तौसीर गांव के गौठान में आयोजित गौठान म गोठ में हिस्सा लिया। गौठान स्थल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेडिकल कैम्प भी लगाया गया था। उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने शासन की स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही गौठान में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का वाहन भी उपस्थित था, उक्त वाहन की सहायता से रक्तचाप, मधुमेह,

सिकलसेल, एनीमिया, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफॉईड जैसी बीमारियों के लिए खून की जांच नि:शुल्क होती है जिससे लोगों का बीमारी की स्थिति में त्वरित इलाज संभव हो पाता है।

सीईओ बरमकेला नीलाराम पटेल ने भी इस उपलक्ष्य में गौठान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि खाद बनने का उत्पादन प्रतिशत 34 है और गौठान में अभी तक समूह की महिलाएं वर्मी खाद बेचकर 2 लाख 19 हजार रूपये का लाभ कमा चुकी हैं। साथ ही पंजीकृत पशुपालकों की जानकारी देते हुए बताया कि गोबर एकत्रण नियमित रूप से हो रहा है। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने समूह की महिलाओं के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें सब्जियों की फसल लेकर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया, साथ ही साबुन, वाशिंग पाउडर और झाड़ू बनाने का काम शुरू करने को कहा। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने रीपा (ग्रामीण औद्योगिक पार्क) योजना की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की इस योजनांतर्गत प्रतिवर्ष हर विकासखण्ड में दो गांवों में 3 एकड़ के क्षेत्र में औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जाएगा, जिसमें उद्योगों की स्थापना की जाएगी। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने उपस्थित ग्रामवासियों को गौठान स्तर पर और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए गौठान को आने वाले समय में रीपा योजना के अंतर्गत जोडऩे हेतु तैयार करने को कहा। इसके पश्चात स्वास्थ्य शिविर का महत्व बताते हुए सभी महिलाओं को खून जांच कराने को कहा। शासन की सुपोषण अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अगर महिलाओं में आयरन की कमी पाई जाती है तो इस अभियान की मदद से उन्हें उचित पोषण देने की व्यवस्था की जाती है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने आज लिए जा रहे पैरादान महाअभियान की जानकारी देते हुए किसानों से अधिक से अधिक पैरा दान करने का आग्रह किया। इसके अलावा कुष्ठ रोग खोज अभियान, लम्पी बीमारी, गोबर खरीदी एवं फसल चक्र परिवर्तन इन विषयों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मोनिका वर्मा, सीईओ नीलाराम पटेल, तहसीलदार सिध्दांत अनंत एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सैलानियों को शीघ्र मिलेगी तांदुला जलाशय के तट पर ईको फ्रेन्डली पार्क की सौगात

बालोद (आरएनएस)। जिले में स्थित प्रसिद्ध तांदुला जलाशय के मनोरम दृश्य को निहारने के लिए आने वाले पर्यटकों को अब शीघ्र ही तांदुला जलाशय के तट पर तांदुला ईको फ्रेन्डली पार्क की सौगात मिलने वाली है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आदमाबाद की ओर स्थित तांदुला जलाशय की तट पर शीघ्र ही तांदुला ईको फ्रेन्डली पार्क के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने हेतु युद्धस्तर पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। अंग्रेज शासन काल में प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण वनाच्छादित क्षेत्र में निर्मित इस तांदुला जलाशय का सौंदर्य का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में पर्यटक तांदुला जलाशय में आते हैं। लेकिन तांदुला नदी के तट पर तांदुला ईको फ्रेन्डली पार्क का निर्माण हो जाने से

यहॉ आने वाले पर्यटकों के लिए इस स्थान के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह पार्क खासा आकर्षण का केन्द्र रहेगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार 30 दिसम्बर को प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर तांदुला ईको फ्रेन्डली पार्क के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को यहॉ आने वाले पर्यटकों को बेहतरीन परिवेश एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु सर्व सुविधायुक्त तांदुला ईको फ्रेन्डली पार्क निर्माण करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि इस ईको फ्रेन्डली पार्क में फूड गार्डन, प्लेग्राउण्ड, रेस्टोरेंट, बोटिंग की सुविधा, पाथवे निर्माण, वॉच टावर, हाईमास्ट एवं सोलर लाईट लगाने के कार्य, कॉटेज आदि का निर्माण कर यहॉ आने वाले सैलानियों को बेहतर से बेहतर सुविधा एवं परिवेश प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से इन सभी निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। शर्मा ने तांदुला ईको फ्रेन्डली पार्क में बनाए जाने वाले मार्ग के दोनो ओर पौधा लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रवेश द्वार एवं पार्किंग स्थल के लिए चयनित स्थान के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इस पार्क में पशुओं के आवागमन की रोकथाम हेतु प्रवेश द्वार में काउकैचर लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से पार्क में कैंटिन निर्माण हेतु चयनित स्थल तथा पूरे समय पेयजल की समुचित उपलब्धता तथा टायलेट आदि के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इस सर्व सुविधायुक्त ईको पार्क के निर्माण हेतु शीघ्र कार्य प्रारंभ करने तथा 04 माह के भीतर तांदुला ईको फ्रेन्डली पार्क के निर्माण कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

विकासखंड रायगढ़ में पीएलसी सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। विकासखंड स्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा रायगढ़ के तत्वाधान में 29 एवं 30 नवंबर 2022 को प्रत्येक संकुल से भाषा एवं गणित में चयनित पीएलसी सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला के कुशल निर्देशन एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी जाटवर एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रायगढ़ विकासखंड में संकुल स्तरीय अकादमिक बैठक को समन्वित ढंग से आयोजित करना था, जिससे उपस्थित सभी प्रतिभागियों के साथ हिन्दी भाषा के लर्निंग आउटकम चर्चा पत्र का उपयोग व कक्षा पाठ योजना निर्माण आदि विषयों पर चर्चा की जा सके। प्रशिक्षण प्रमुख रूप से इस बात पर केंद्रित रहा कि बच्चों में कक्षा अनुरूप दक्षता कैसे प्राप्त हो व निर्धारित लर्निंग आउटकम को बच्चे कैसे प्राप्त करें, चयनित सदस्य अपने संकुल में मास्टर के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन कैसे करें, इस आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला के द्वारा अपने उद्बोधन में सीखने के प्रतिफल और मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका पर अपना विचार रखे गए। डीईओ बाखला ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सारे प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि आप लोग उन्मुखीकरण प्रशिक्षण से लाभान्वित होकर संकुल स्तर पर होने वाले बैठकों में अन्य शिक्षकों का सहयोग करें।

लाखों रुपए की ठगी करने वाली महिला आरोपी सहित दो गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाली महिला आरोपी सहित दो अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार करने में डीडीनगर पुलिस की टीम ने सफलता प्राप्त की है। पुलिस तीनों आरोपियों को ट्रांजिड रिमांड में लेकर रायपुर पहुंची है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मयंक पाण्डेय ने थाना डी.डी.नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह डी.डी. नगर रायपुर में रहता है। प्रार्थी के मित्र योगेन्द्र कुमार से उसके परिचित कौशर यास्मिन एवं चंद्र प्रकाश रावत निवासी बैंगलोर सिटी कर्नाटक द्वारा अपने फर्म में व्यवसाय करने एवं अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी से 19 लाख रुपये एवं योगेन्द्र कुमार से 11 लाख रुपए प्राप्त कर ठगी किया है। जिससे पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने पर आरोपियों की उपस्थिति बैंगलोर कनार्टक में होना पाया गया, जिस पर टीम के सदस्य बैंगलोर कनार्टक रवाना होकर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया तथा पतासाजी के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा महिला आरोपी कौशर यास्मीन हुसैन 40 वर्ष एवं आरोपी चन्द्र प्रकाश रावत 35 वर्ष को पकडक़र कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा ठगी की उक्त घटना को कारित करने के अतिरिक्त बैंगलोर में भी कई लोगों को अपना शिकार बनाते हुए उनसे भी लाखों रुपये ठगी कराना बताया गया। पुलिस दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर उनका ट्रांजिस्ट रिमाण्ड लेकर रायपुर लाकर कार्यवाही की गई।

बस्तर की नैना बनी लैंड एडवेंचर राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली छग की पहली महिला : द्रौपदी के हाथों हुई पुरस्कृत

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर की पहली पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों तेजनिंग नोर्गे राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत लैंड एडवेंचर का पुरस्कार मिला है। बस्तर की नैना सिंह धाकड़ यह राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला बन गयी हैं। नैना सिंह धाकड़ ने माउंट एवरेस्ट और माउंट लहोत्से में 10 दिनों के भीतर सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की है और इस साहसिक कार्य के लिए राष्ट्रपति ने तेनजिंग नोर्गे

राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत 15 लाख रुपए की राशि, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर दिल्ली राष्ट्रपति भवन में नैना का सम्मान किया है।

उल्लेखनिय है कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय लैंड एडवेंचर पुरस्कार के लिए बस्तर की पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़ को चुना था। और 30 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नैना को पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार चार श्रेणियों में लैंड एडवेंचर, वॉटर एडवेंचर, एयर एडवेंचर और लाइफ टाइम अचीवमेंट में दिया गया। इस पुरस्कार में प्रत्येक को 15 लाख रुपये और स्मृति चिन्ह के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

शैक्षणिक संस्थाओं में तंबाकू नियंत्रण के लिए चलाए विशेष कैंम्पेन -कलेक्टर

- युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को लेकर करें जागरूक
- राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक आयोजित

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गठित जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में किए गए कार्यों का ब्यौरा रखा गया।

कलेक्टर साहू ने इस मौके पर कहा कि स्कूल व कालेजों में पढऩे वाले युवाओं को इस कार्यक्रम के तहत तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है, जिससे वे आगे चलकर इन बुरी आदतों से दूर रहे। इसके लिए उन्होंने सभी स्कूलों व कालेजों में बच्चों के लिए ऑडियो, विजूअल के माध्यम से अवेयरनेस ड्राईव चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी एसडीएम को भी निर्देशित करने की बात कही। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के अंदर आने वाले विक्रय केन्द्रों में तंबाकू उत्पादों की यदि बिक्री हो रही है, तो उस पर कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम व नगरीय निकाय के अधिकारियों

को दिए।

बैठक में कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2022-23 में विभाग द्वारा कोटपा अधिनियम की धारा 4 एवं 6 के तहत 264 चालान किए गए है। 110 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए है। साथ ही जिले में कोटपा अधिनियम की धारा 5 (प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष) प्रतिबंध तथा धारा 7 वैधानिक चेतावनी के विक्रय प्रतिबंध पर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, परिवहन, खाद्य, औषधि, श्रम विभाग के अधिकृत अधिकारी दल गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम रिषा ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, डीएसपी राकेश भोई, उप संचालक कृषि हरीश राठौर, जिला श्रम पदाधिकारी विकास सरोदे, सहित स्वास्थ्य व खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

लिंग भेद मिटाने विद्यार्थियों को जागरूक कर रही महिला रक्षा टीम

- ग्राम कुसमरा के राइजिंग किड्स और कन्या विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन एवं एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर जिला की पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा स्कूलों में जाकर "लैंगिक जागरूकता" अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत लिंग भेदभाव, महिलाओं के प्रति हिंसा को समाप्त करने तथा महिलाओं व बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को जागरूकता कर बताया जा रहा है

कि लिंग भेद क्या है और इसके क्या दुष्परिणाम सामने रहे हैं तथा इस प्रकार के भेदभाव को कैसे समाप्त किया जा सकता है। महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा बताई लिंग भेद को खत्म करना है तो हमें लड़कों में लड़कियों के प्रति आदर सम्मान पैदा करना होगा और लड़कियों में आत्मविश्वास बढाना होगा। जिला पुलिस की रक्षा टीम महिला सशक्तीकरण के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि उनके अंदर का भय समाप्त हो।

आज ग्राम कुसमुरा के राइजिंग किड्स इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुरा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा एवं उनके स्टाफ द्वारा बच्चों को अच्छे व बुरे स्पर्श (गुड टच- बैड टच) डेमो के माध्यम से पहचान कराया गया तथा बताया गया कि आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छिपाने के बजाए अपने शुभचितकों, टीचर को जरूर बताएं। कही भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो महिलाएं बेझिझक होकर हेल्पलपाइन नम्बर डॉयल 112 पर सूचना दें। कार्यक्रमों में महिला रक्षा टीम प्रभारी द्वारा "अभिव्यक्ति ऐप", मानव तस्करी व बाल विवाह के संबंध में बच्चों को जानकारी दिया गया कि किसी के लुभावन पर बगैर अपने माता-पिता को बताए कहीं ना जाए तथा बाल विवाह के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया है तथा लिंग भेद को लेकर विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए इसे खत्म करने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। जिला पुलिस की महिला रक्षा टीम महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के उन्मूलन दिवस से लेकर 4 सप्ताह तक विशेष अभियान "लैंगिक जागरूकता" चलाया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU